Bareilly, Wednesday, 29 March 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 02 : Middle

श्रीराममूर्ति मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 30 से

टूर्नामेंट में शामिल होंगी आठ टीमें, सात अप्रैल को होगा टूर्नामेंट का फाइनल

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (28 March): एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. 30 अप्रैल से आरंभ होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी. एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल सात अप्रैल को होगा. इसमें विजेता टीम को ट्राफी के साथ 31 हजार रुपए और रनर अप को ट्राफी के साथ 21 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे.

मिलेगा पुरस्कार

यह जानकारी आयोजन समिति के सचिव मनीष सिंह ने दी. मनीष ने कहा कि टूर्नामेंट में शामिल टीमों को दो ग्रुपों में रखा गया है और सभी टीमें 3-3 मैच खेलेंगी. दोनों पूल से ज्यादा मैच जीतने वाली 1-1 टीम फाइनल में पहुंचेगी. टूर्नामेंट का आगाज 30 मार्च को सुबह नौ बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और 22 यार्ड्स के मैच से होगा. प्रत्येक दिन 2-2 मैच खेले जाएंगे. फाइनल सहित टूर्नामेंट में 13 मैच खेले जाएंगे.

सात अप्रैल को फाइनल

टूर्नामेंट का आखिरी लीग मैच चार अप्रैल को अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी और एयरफोर्स बरेली के बीच होगा. पांच और छह अप्रैल का दिन रिजर्व रखने के बाद सात अप्रैल को टूर्नामेंट का फाइनल मैच होगा. मनीष ने कहा कि टूर्नामेंट को बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने मान्यता प्रदान की है. विजेता और उपविजेता टीमों के साथ खिलाड़ियों के मैन आफ द टूर्नामेंट बनने वाले खिलाड़ी को 2500 रुपये और ट्राफी दी जाएगी. जबकि प्रत्येक मैच के मैन आफ द मैच रहने वाले खिलाड़ी को पांच सौ रुपये का नकद इनाम मिलेगा.

Bareilly, Wednesday, 29 March 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 05 : Middle

टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

BAREILLY (28 March): एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मैमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. 30 अप्रैल से आरंभ होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी. एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल सात अप्रैल को होगा.